INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd Lang)	Department: Hindi	Month- October-2026
Q. Bank & Grammar	**Topic:** सही समय (कविता)	**Note: Pls. check with your class work.**

अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1-सही समय कविता के कवि कौन हैं?
उत्तर-सही समय कविता के कवि गोविंद माथुर जी हैं|

प्र2-मुड़कर कौन नहीं देखता है?
उत्तर-मुड़कर समय नहीं देखता है।

प्र3-दीवारों पर टँगी या कलाई पर बँधी घड़ियाँ कैसे चलती हैं?
उत्तर-दीवारों पर टँगी या कलाई पर बँधी घड़ियाँ समय से आगे या पीछे चलती हैं।

प्रश्न4-कवि ने समय को क्यों मूल्यवान बताया है?
उत्तर- कवि ने समय को मूल्यवान बताया है क्योंकि खोया हुआ समय वापस नहीं आता।

प्रश्न5-'सही समय' कविता में किसे सफलता की कुंजी बताया गया है?
उत्तर-कविता में समय के उचित प्रयोग को सफलता की कुंजी बताया गया है।

लघु प्रश्न-उत्तर

प्र1-घड़ियों के सही चलने पर भी वे सही समय बता रही हैं, यह जानना क्यों मुश्किल है?
उत्तर-घड़ियों के सही चलने पर भी यह जानना मुश्किल है कि वे सही समय बता रही हैं या नहीं, क्योंकि घड़ियाँ कभी समय से आगे चलती हैं तो कभी समय से पीछे। इसलिए सही समय का पता नहीं चल पाता।

प्र2-घंटाघर की घड़ियों के कई दिनों तक बंद रहने से कवि का क्या तात्पर्य है?
उत्तर-शहर के घंटाघर की घड़ियाँ चाबी नहीं पड़ने के कारण कई-कई दिनों तक बंद पड़ी रहती हैं। इससे कवि को समय का पता नहीं चल पाता।

प्र3- कवि को सही समय का पता करना मुश्किल क्यों लगता है?
उत्तर- दीवार पर टँगी या कलाई पर बँधी घड़ियाँ समय से आगे या पीछे चलती हैं, घंटाघर की घड़ियाँ कई-कई दिनों तक बंद रहती हैं ऐसी स्थिति में कवि को सही समय का पता करना मुश्किल लगता है।

प्र4- 'इन दिनों पुलिस लाइन में बजने वाले घंटों की आवाज सुनाई नहीं देती', इसमें क्या व्यंग्य छिपा है?
उत्तर- इन दिनों पुलिस लाइन में भी घंटा नहीं बजाया जाता जिससे कवि को घंटे की आवाज़ सुनाई नहीं पड़ती। इसमें व्यंग्य यह छिपा है कि पुलिस लाइन में भी लोग आलसी हो गए हैं तथा अपने समय का ध्यान नहीं रखते।

प्र5-अच्छा या बुरा क्या होता है? जीवन कब ठहर जाता है?
उत्तर-अच्छा या बुरा जीवन होता है, समय नहीं। चलते-चलते थक जाने पर जीवन ठहर जाता है तथा पीछे मुड़कर बीत चुके जीवन को देखने लगता है।

व्याकरण भाग

प्रत्यय -Suffix

1-आना -	सालाना	रोज़ाना
2-आहट-	घबराहट	चिकनाहट
3-इक-	दैनिक	सैनिक
4-आई-	चढ़ाई	पढ़ाई
5-वान-	बलवान	पहलवान
6-मान-	शक्तिमान	बुद्धिमान
7-आस-	मिठास	खटास
8-आलु-	दयालु	कृपालु

वाक्यांश

1- जिसका पता न हो –	अज्ञात
2- जिसकी तुलना न हो सके –	अतुलनीय
3- साथ पढ़ने वाला –	सहपाठी
4- रात में घूमने वाला –	निशाचर

5- जो जीता न जा सके – अजेय

6- जिसका अंत न हो – अनंत

7- जिसकी सीमा न हो – असीम

8- जो बीत गया हो – अतीत

कारक (Case)

परिभाषा- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उनका (संज्ञा या सर्वनाम का) संबंध सूचित हो, उसे (उस रूप को) 'कारक' कहते हैं।

जैसे- "रामचंद्र जी ने खारे जल के समुद्र पर बंदरों से पुल बँधवा दिया।"

कारक के भेद

कारक के मुख्यतः आठ भेद होते हैं-

1. कर्ता कारक - ने
2. कर्म कारक - को
3. करण कारक - से, द्वारा (साधन या माध्यम)
4. संप्रदान कारक - के लिए
5. अपादान कारक - से (अलग होने का बोध)
6. संबंध कारक - का-के-की, रा, रे, री
7. अधिकरण कारक- में, पर
8. संबोधन कारक - हे ! , अरे !

प्रश्न- दिए गए वाक्यों में खाली स्थानों पर उचित कारक चिह्न भरिए |

(को, ने, के लिए, से, का, की, के, में,पर, अरे)

1- मोहन .....नारद .... देखकर मुस्करा दिया।

2- बच्चे गाड़ियों ..... खेल रहे हैं।

3- पिताजी बच्चों ..... मिठाई लाए।

4- साँप बिल ..... बाहर निकला।

5- बच्चे ..... सिर दुःख रहा है।

6 - मोहन सोहन ..... घर गया |

7- यह सुनील ..... किताब है।

8- फ्रिज ..... आम रखा हुआ है।

9 - किताब मेज ..... रखी है |

10- .... ! कौन भाग गया?

प्रश्न- दिए गए वाक्यों में कारक चिह्न रेखांकित कीजिए |

1-राम्ू ने अपने बच्चों को मिठाई खिलाई ।

2-पत्र को कलम से लिखा गया है।

3-माँ अपने बच्चे के लिए दूध लेकर आई।

4-पृथ्वी सूर्य से बहुत दूर है।

5-आसमान से बिजली गिरती है।

6-यह सुरेश की बहन है।

7-यह नरेश का भाई है।

8-राहुल के पिता जी दिल्ली गए हैं|

9- अरे ! बहुत बुरा हुआ।

10-हे भगवान! अब क्या हो गया?

---000---

प्रश्न- 'कार' पर एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए|